# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–18 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाईस सितम्बर से लागू होने जा रहे जीएसटी सुधारों को लेकर आज लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार और जीएसटी परिषद के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली का जो उपहार दिया है, उसका सर्वाधिक लाभ उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि टैक्स सुधार से रसोई, किसान, घर के निर्माण से लेकर, बड़े–बड़े हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ ही साथ अपने कारोबार को आगे बढ़ाने वाले उद्यमियों को भी लाभ होने वाला है। मुख्यमंत्री ने जीएसटी देने वाले व्यापारियों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार की पहल की भी चर्चा की।

**उत्तर प्रदेश ने जीएसटी लागू होने के बाद प्रयास किया कि हम अपने यहां रजिस्ट्रेशन की दर को बढ़ाएं। और मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि जीएसटी हमारी बढ़ी तो उत्तर प्रदेश ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराने वाले हर उस व्यापारी को हमने दस लाख रुपये की सुरक्षा बीमा का कवर भी दिया।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से अगली पीढी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। तीन सितंबर को उनका सपना साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कमी की। वस्त्र क्षेत्र में हुए जीएसटी सुधारों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***नए कर ढांचे में मानव निर्मित फाइबर पर जीएसटी की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, वही मानव निर्मित धागों पर सरकार ने जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। सरकार के इस कदम से कपड़ा क्षेत्र में लागत कम होगी, जिससे मांग बढ़ने और निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वहीं रेडीमेड वस्त्रों पर भी लगने वाले जीएसटी में कटौती की गई है। अब दो हजार पांच सौ रुपए तक के प्रति पीस कपड़े के लिए कर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे श्रेणी दो और श्रेणी 3 के शहरों में मांग को बढ़ावा मिलेगा । रोहन के साथ, सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जनसेवा और सुशासन के मंत्र का पालन करते हुए परिवर्तन तथा प्रगति लाने का अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला– 'सेवा पर्व' में, आज, हम बात कर रहे हैं कि मोदी सरकार ने कृषि को कैसे विविध क्षेत्र में बदल दिया है।

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि का विस्तार संबंधित क्षेत्रों में भी हो रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों के लिए आय और लचीलेपन के नए स्रोत खुल रहे हैं। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि सरकार सभी किसानों को देश की विकास योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है।***

***चार लाख करोड़ रुपये हाइड्रो प्रोजेक्ट का एक्सपोर्ट हुआ है, ये मेरे देश के किसानों ने भी ताकत दिखाई है। हम छोटे किसान हो, पशु पालक हो, मछुआरे हो देश के विकास के अनेक योजनाओं का लाभ आज हम उनतक पहुंचा रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि हो, रेन वाटर हारवेस्टिंग हो, सिंचाई की योजनाएं हो, क्वालिटीसीड़्स हो, फटिलाइजर की आवश्यकता हो।***

***भारत फलों, सब्जियों और मसालों के शीर्ष उत्पादक देशों में शामिल है। यह दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश भी है, जहाँ गाँवों में डेयरी समृद्धि का माध्यम बनकर उभर रही है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाएँ देशी मवेशियों की नस्लों में सुधार ला रही हैं। मत्स्य निर्यात 20 अरब डॉलर को पार कर गया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से मत्स्य पालन और जलीय कृषि का आधुनिकीकरण हो रहा है। मनीष शिवा झोले और विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार बल।***

**********

केंद्र सरकार के पात्र कर्मचारियों और पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एनपीएस से एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस में स्विच करने की अंतिम तिथि तीस सितंबर है। यह घोषणा आज वित्त मंत्रालय ने की। एक रिपोर्ट–

***मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूपीएस के अंतर्गत पात्र कर्मचारी केवल एक बार ही एनपीएस में स्विच कर सकते हैं। यह स्विच सेवानिवृत्ति से कम से कम एक वर्ष पहले या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से तीन महीने पहले किया जाना चाहिए। इस कदम का उद्देश्य कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद की वित्तीय सुरक्षा की योजना बनाने में विकल्प प्रदान करना है। वित्तीय सेवा विभाग ने पात्र कर्मचारियों से आग्रह किया है कि वे अंतिम समय में आने वाली समस्याओं से बचने और अपने अनुरोधों का सुचारू रूप से निपटान सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करें। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

प्रदेश में सोलह आईपीएस अधिकारियों का शासन ने तबादला कर दिया है। स्थानांतरण आदेश के मुताबिक आजमगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना और कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार को पुलिस अधीक्षक के तौर पर ही पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं, अम्बेडकरनगर के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार को कुशीनगर जिले का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। देवरिया और प्रतापगढ़ सहित कुछ अन्य जिलों के भी पुलिस कप्तान बदल गए हैं।

**********